सार-समाचार

विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हिण्डौन सिटी। राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत तृतीय दिवस पर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक प्रार्थना, योग एवं प्राणायाम सत्र से की गई। बौद्धिक सत्र में यातायात प्रभारी रामनिवास गुर्जर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यातायात प्रभारी रामनिवास गुर्जर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय अच्छी गुणवत्ता वाले हेलमेट का प्रयोग, ओवरस्पीड, ओवरटेक और रॉन्ग साइड वाहन न चलाने तथा सीट बेल्ट का सदैव उपयोग करने से ही सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपने परिवार और समाज में यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का आव्हान किया। एनएसएस इकाई 'बी' की कार्यक्रम अधिकारी शालिनी गुप्ता ने बताया कि देश में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में युवा असमय काल का शिकार होते हैं, जिससे समाज, परिवार और देश की अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। विकसित भारत के निर्माण में युवाओं को यातायात नियमों के पालन में अठाणी भूमिका निभानी होगी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितेश जैन ने जानकारी दी कि यातायात पुलिस हिंडौन सिटी के सहयोग से ट्रैफिक अवेयरनेस रैली का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह ने सेल्फी पॉइंट से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो चौपड़ सर्किल तक नारे लगाते हुए पहुंची। स्वयंसेवकों ने तख्तियों के माध्यम से वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व के बारे में समझाया। रैली को यातायात प्रभारी रामनिवास गुर्जर एवं यातायात निरीक्षक बहादुर सिंह का सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में श्रमदान भी किया गया। कार्यक्रम में मनोज जोगी, सुनीता, विनोद मेहरा सहित एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

किसान आंदोलन को लेकर बैठक संपन्न

करौली, (निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी करौली के नेतृत्व में 19 जनवरी 2026 (सोमवार) को टोडूपुरा, कटकट मोड़, करौली में आयोजित होने वाली खेत बचाओ-गांव बचाओ-पहाड़ बचाओ-मनरेगा बचाओ विशाल किसान आंदोलन के सफल आयोजन को लेकर आज जिला कांठोस कार्यालय, करौली में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी करौली के जिला अध्यक्ष घनश्याम महर ने की। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, ब्लॉक अध्यक्ष, अठिाम संगठनों के प्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि इस विशाल आम सभा में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरी, राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीना एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी चिरंजीवी राव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। बैठक में आयरन खनन एवं ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के नाम पर किसानों की उपजाऊ भूमि, गांवों और पहाड़ियों के अधिठाहण के खिलाफ मनरेगा कानून के खिलाफ आयोजित इस किसान आंदोलन को ऐतिहासिक एवं प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम की तैयारियों, जनसंपर्क, जिम्मेदारियों के वितरण एवं अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला अध्यक्ष ने सभी कांठोसजनों से आव्हान किया कि वे आम जनता, किसानों और ग्रामीणों को इस जनआंदोलन से जोड़ें तथा लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करें।

शिरोमणि यादे मां की जयंती मनाई

गंगापुर सिटी, (निसं)। प्रजापति विकास समिति ने रविवार को अपनी कुलदेवी भक्ति शिरोमणि यादे मां की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई। इस अवसर पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 150 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य कार्यक्रम प्रजापति समाज छात्रावास परिसर में हुआ। समिति अध्यक्ष ब्रजमोहन प्रजापति ने बताया कि राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत मुख्य अतिथि थे। राज्यमंत्री प्रहलाद राय टांक, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापति, कुमावत महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आरसी कुमावत, सभापति शिवरतन अग्रवाल और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद रहे। सम्मानित विद्यार्थियों को मेडल, शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अतिथियों ने समाज के लोगों से बच्चों को उच्च और तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने का आह्वान किया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा ही समाज और देश के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। कार्यक्रम से पहले अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इससे पूर्व शहर में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के आवास पर एक स्वागत-अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, राज्यमंत्री प्रहलाद राय टांक और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापति का पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अभिनंदन किया।

सहयोग राशि भेंट की

गंगापुर सिटी, (निसं)। जाट बड़ौदा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में शौचालय निर्माण के लिए समाजसेवी राजेंद्र सैनी ने 31 हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की है। यह राशि स्कूल में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के उद्देश्य से दी ग है। ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ ने इस सहयोग की सराहना की है। स्कूल के प्रिंसिपल मनीष जारेड़ा ने राजेंद्र सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि गांव के युवा और भामाशाह नियमित रूप से स्कूल की व्यवस्थाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए सहयोग करते हैं। इससे शैक्षिक वातावरण बेहतर होता है और छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

नई श्रीकृष्ण मूर्ति स्थापना की मांग को लेकर धरना समाप्त

- सिनसिना बुर्ज पर नई श्रीकृष्ण मूर्ति स्थापना की मांग को लेकर जितेन्द्र कौर का 12 दिन से चल रहा आमरण अनशन प्रशासनिक आश्वासन के बाद समाप्त हुआ

भरतपुर, (निसं)। जनता आन्दोलन की सह संयोजिका व पूर्व भाजपा पार्षद जितेन्द्र कौर का सिनसिना बुर्ज स्थित खंडित श्री कृष्ण की मूर्ति की जगह नई मूर्ति लगवाने बावत आमरण अनशन बारहवें दिन समाप्त हुआ।

प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार संजय सिंह व पुरातत्व विभाग के कर्मचारी और जनता आन्दोलन के संयोजक राघवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में खंडित चरणों को सिनसिना बुर्ज से उतारकर धरना स्थल पर अनशन पर बैठी जितेन्द्र कौर के पास ले जाया गया जहां पर जितेन्द्र कौर ने खाटूश्याम मंदिर से पांच नदियों का जल व गंगा मंदिर से गंगाजल मंगाकर स्नान कराया गया साथ ही उनके साथ बिहारी जी आने वाले भक्तों ने भी खंडित चरणों का जल से स्नान कराके दर्शन किये। नायब तहसीलदार संजय सिंह ने भाजपा की पूर्व पार्षद जितेन्द्र कौर को जूस पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया। तत्पश्चात खंडित चरणों को प्रशासन अपनी देखरेख में म्यूजियम में रखवाने के लिए ले गया जिससे भरतपुर की जनता अपने विरासत के दर्शन कर सके साथ ही नायब तहसीलदार ने प्रशासन की तरफ से भरोसा दिलाया कि सिनसिना बुर्ज का विकास प्रशासन की तरफ से किया जावेगा। जब तक आप मूर्ति बनवायें क्योंकि मूर्ति बनने में समय लगेगा। इसका समर्थन अनशन पर बैठी जितेन्द्र कौर ने किया व अपना अनशन समाप्त किया।

जनता आन्दोलन के संयोजक राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि अनशनकारी शशि कपूर की जो कल तबीयत खराब हुई थी अभी भी उसकी तबीयत खराब है और वह हॉस्पीटल में भर्ती है और पार्षद जितेन्द्र कौर ने भी 12 दिन तक भूख हडताल करके इस आन्दोलन को सफल बनाया जिसमें भरतपुर की जनता का भी पूरा समर्थन रहा। भरतपुर की जनता सरकार के साथ है और प्रशासन से मिलकर सिनसिना बुर्ज ही नहीं पूरे बिहारी जी परिक्रमा मार्ग से जन सहयोग से ब्रज की संस्कृति के अनुरूप बनाया जायेगा जिसमें ऊधो माधो झूलो पार्क, ललिता विसाखा राधा सखी पार्क, कृष्ण सुदामा मित्र सखा पार्क, बलदाऊ अखाडा, संदीपनी गुरूकुल व जो परिक्रमा मार्ग में खंडहर पडे हैं उनको भी बरसाना व नन्दगांव के रूप् में विकसित किया जावेगा जिससे भरतपुर की जनता को भरतपुर में ही गोवर्धन पर्वत का नजारा महसूस होगा।

साथ ही पर्यटन को भी बढावा मिलेगा। सिनसिना बुर्ज पर विशालकाय बंसी बजाती हुई बालरूप में श्रीकृष्ण की मूर्ति लगवाई जावेगी जो पहले वहां थी और विरासत को भव्य रूप दिया जावेगा। धरना स्थल पर रोहित महाराज, गौरक्षा दल के दानवीर सिंह और उनके समस्त साथी मौजूद रहे।

सम्मान किया

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर में भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में गणमान्य नागरिकों एवं पार्टी पदाधिकारियों ने लोहागढ़ स्थित जयशंकर टाईगर क्लब के 11 वर्षीय होनहार खिलाड़ी ऐश्वर्य शर्मा का राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने पर गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया।

गौरतलब है कि ऐश्वर्य शर्मा ने 39वीं राष्ट्रीय सब-जूनियर क्योरुगी ताइक्वांडो चौंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में तालकटोरा इनडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित हुई थी, जिसमें देशभर से करीब 1500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

हिन्दू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न

भरतपुर, (निसं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण देश में हिंदू सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं इसी क्रम में तिलक नगर बस्ती का हिंदू सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा जिसकी तैयारी को लेकर तिलक नगर में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों ने शिशुपाल लवानिया को सर्वसम्मति से हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया। बैठक की अध्यक्षता शिशुपाल लवानिया ने की। बैठक में मुख्य अतिथि स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक भागीरथ सिंह रहे तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह सौरव एवं संत हर प्रसाद रहे। बैठक में हिंदू सम्मेलन की तैयारी की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि भागीरथ सिंह ने हिंदू सम्मेलन को भव्य बनाने के दिशा निर्देश प्रदान किए।हिंदू सम्मेलन के मीडिया प्रमुख डॉ वीरेंद्र पचौरी ने बताया कि तिलक नगर बस्ती का विशाल हिंदू सम्मेलन 1 फरवरी को हीरा दास स्थित चौधरी मैरिज होम में आयोजित किया जाएगा जिसमें सभी जाति एवं समुदायों के नागरिक एवं विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन पार्षद सुंदर सिंह ने किया। धन्यवाद प्रस्ताव अध्यक्ष शिशु पाल लवानिया ने दिया।बैठक में गोपाल गुप्ता, छिददा सिंह जादौन,मानसिंह चौधरी ,सचिन सिंह गुर्जर ,पहलाद सिंह एडवोकेट,ठाकुर विजेंद्र सिंह सेन,उधम सिंह, बदन सिंह डागुर ,सुखदेव सिंह, दुष्यंत शर्मा ,हुकम सिंह ,बृजेश फौजी, साहब सिंह ,ओम प्रकाश कुंतल,भीम सिंह, विजय सिंह, वीरपाल सिंह, रघुवीर सिंह, राजेश शर्मा, बांके बिहारी आदि प्रमुख गण्यमान नागरिक उपस्थित रहे।

पशुचिकित्सालय को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय क्रमोन्नत करने की मांग

गंगापुर सिटी, (निसं)। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत (डेयरी एवं पशुपालन) के गंगापुर सिटी आगमन पर गौशाला परिवार द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। आज रविवार को गंगापुर सिटी में पधारे पशुपालन कैबिनैट मंत्री जोराराम कुमावत को गंगापुर सिटी पशुचिकित्सालय को बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने की पुरजोर मांग की।

जिस पर मंत्री द्वारा क्रमोन्नत करने का आश्वाशन दिया गया। इस मौके पर नगर परिषद के सभापति शिवरतन अग्रवाल, बीजेपी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, पशुपालन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी, समस्त गौशालाओं के पदाधिकारी जिनमें गोपाल गौशाला के अध्यक्ष विजय गोयल, ओमप्रकाश पीएनबी, इंद्रदेव गुप्ता, कृपा शंकर उपाध्याय, नंगे बाबा गौशाला के शिवनारायण गुप्ता, दौलतपुर गौशाला से प्रसन्न कुमार सुराणा, श्री श्याम गौशाला से अध्यक्ष नंदकिशोर धोलेटा, राजेंद्र मोदी, राजेश टेन्ट , विनीत खंडेलवाल गाड़ी आने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आज शहर में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आगमन पर स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के आवास पर किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत (राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री) के साथ राज्य मंत्री प्रहलाद रॉय टॉक तथा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापत का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर के आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं, साफा और सम्मान चि ों के साथ अतिथियों का अभिनन्दन किया। भाजपा के स्थानीय नेता, कार्यकर्ता, सदस्य तथा समर्थक इस स्वागत समारोह में उपस्थित रहे और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उत्साह व्यक्त किया। इस कार्यक्रम से क्षेत्र में भाजपा संगठन की सक्रियता और स्थानीय नेतृत्व की एकजुटता का संदेश मिला, तथा पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच सकारात्मक संवाद और सहयोग का वातावरण देखा गया।

करणपुरधाम मासिक बस यात्रा जनवरी 24 को

गंगापुर सिटी, (निसं)। मां गुमानो बीजासनी देवी सेवा समिति के तत्वावधान में 24 जनवरी 2026 माह शुक्ल छठ शनिवार को गंगापुर सिटी से करणपुर धाम के लिए मासिक बस यात्रा दोपहर 1 बजे मां गुमानो बिजासनी के सानिध्य में थोक फल सब्जी मंडी उदे मोड़ से प्रस्थान करेगी जो शाम 5:00 बजे करणपुर धाम पहुंचेगी।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष महेशचंद शर्मा, महामंत्री गोपाल सोनी व बस यात्रा संयोजक दिनेश बंसल चूड़ी वाले ने माता रानी के सभी भक्तों से बसयात्रा में ज्यादा से ज्यादा चल कर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

संगोष्ठी आयोजित

बयाना (निस)। राज. शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा बयाना की ओर से कर्तव्य बोध पखवाड़ा के अंतर्गत कर्तव्य बोध दिवस पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ब्लॉक मंत्री रामेश्वर गुर्जर ने बताया कि यह पखवाड़ा प्रतिवर्ष 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती (युवा दिवस) से 23 जनवरी सुभाष चंद्र बोस जयंती (पराक्रम दिवस) तक मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार कौशिक ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन शिक्षकों में सकारात्मक सोच और ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने 'मेरा विद्यालय, मेरा तीर्थ' की भावना के साथ संस्कारवान एवं देशभक्त विद्यार्थियों के निर्माण पर जोर दिया। प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में जिला संगठन मंत्री (महिला) निर्मला शर्मा ने शिक्षकों से अपने दायित्वों के प्रति सजग रहने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के निर्माता हैं तथा शैक्षिक गुणवत्ता व संगठन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मेला प्रदर्शनी के उद्घाटन के दौरान भाषण क्रम को लेकर हंगामा

- विधायक बनावत व पूर्व विधायक बच्चू बंसीवाल में हुई कहासुनी

रूपवास, (निसं)। कस्बे के मेला मैदान में आयोजित बसंत पशु मेला प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान शुक्रवार को उस समय असहज स्थिति बन गई, जब भाषण देने के क्रम को लेकर निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत और भाजपा के पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंसीवाल के बीच कहासुनी हो गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों व जनप्रतिनिधियों ने समय रहते हस्तक्षेप कर स्थिति को शांत कराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं, जबकि पूर्व कांठोस विधायक अमर सिंह एवं भाजपा के पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंसीवाल विशिष्ट अतिथि के तौर पर मंच पर मौजूद थे। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान भाषण के क्रम को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया।

संचालक को दी गई लिस्ट के अनुसार पूर्व विधायक बच्चू बंसीवाल का सर्वप्रथम भाषण होना बताया गया , फिर पूर्व कांठोस विधायक अमर सिंह भाषण दें और अंत में ऋतु बनावत संबोधन करें। हालांकि, बच्चू सिंह बंसीवाल ने सबसे पहले भाषण देने से इनकार कर दिया। इसी दौरान ऋतु बनावत समर्थक ऋषि बंसल के हस्तक्षेप से मामला और बढ़ गया, जिससे मंच पर मौजूद नेताओं के बीच कहासुनी शुरू हो गई। स्थिति बिगड़ती देख मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने तत्काल बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया, जिससे कार्यक्रम आगे सुचारू रूप से संपन्न हो सका। इस संबंध में भाजपा के पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंसीवाल ने कहा कि कार्यक्रम में सभी अतिथियों को बोलने का अवसर मिलना चाहिए था और इसी बात को लेकर मतभेद हुआ।वहीं, निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत ने किसी भी तरह के विवाद से इनकार करते हुए कहा कि यह केवल प्रोटोकॉल से जुड़ा मामला था। उन्होंने बताया कि पहले से तय था कि पूर्व कांठोस विधायक अमर सिंह और भाजपा के पूर्व विधायक बच्चू सिंह बंसीवाल भाषण देंगे, इसी को लेकर हल्की कहासुनी हुई, जिसे अनावश्यक रूप से विवाद का रूप दिया जा रहा है।

रथ पूजन के साथ भगवान जगदीश जी के मेले में उमड़े श्रद्धालु

- सांसद भजनलाल जाटव ने मंदिर के विकास सहित विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्यों में अपनी सहभागिता निभाने के लिए कहा

नादौती, (निसं)। समीपवर्ती जगदीश धाम कैमरी में रविवार को सात दिवसीय वार्षिक बसंत पंचमी के अमावस्या मेले के अवसर पर जय जगदीश के जयकारों के बीच रथ पूजन कर भगवान के वार्षिक मेले में श्रद्धालुओं ने भगवान जगदीश के दर्शन किये।

अमावस्या के अवसर पर मंहत मनोज शास्त्री, हरिमोहन शास्त्री, नीलेश शास्त्री की ओर से उच्चारित वैदिक मंत्रों के साथ भगवान की विशेष पूजा अर्चना की। प्रात: तड़के से ही भगवान के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद भजनलाल जाटव, विशिष्ट अतिथि विधायक घनश्याम मेहर, कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और बांदीकुई के पूर्व विधायक गजराज खटाना ने शिरकत की सांसद जाटव व विधायक मेहर ने मंदिर विकास के किये 50-50 लाख रुपये की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम खटाना खेड़ला ने की साथ ही रथ पूजन में जगदीश मंदिर ट्रस्ट के सदस्य और पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, उपाध्यक्ष कैप्टेन शीशराम खटाना, सचिव रामविलास खटाना, समसा के उपनिदेशक सिंह खटाना, दयाराम ठेकेदार, मुरारी नेता, पूर्व सरपंच हंसराज खटाना, भूरया धमाड़ी, कैप्टन शीशराम सेना मेडल, शेरसिंह इब्राहिमपुर, भूपेन्द्र अधैत ने भाग लिया। मुख्य अतिथियों ने जगदीश भगवान को जन जन की अटूट आस्था का केन्द्र बताया।

अमावस्या के अवसर पर हरिचरण ढंड का पूरा, भगवान बाढ़ कैमरी, समयसिंह इब्राहिमपुर और अमरसिंह हरसाना निसुरा ने अटका महाप्रसादी अर्पित की साथ ही हज़ारो श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने अटका प्रसादी अर्पित करवाने वाले श्रद्धालुओं का माला, साफा और भगवान की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया।

इस दौरान सांसद भजनलाल जाटव ने मंदिर के विकास सहित विभिन्न सामाजिक सरोकार के कार्यों में अपनी सहभागिता निभाने के लिए कहा और जगदीश धाम के विकास की बात कही। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम खटाना सहित कोषाध्यक्ष शीशराम खटाना, ट्रस्ट सदस्य व पीसीसी सदस्य शीशराम खटाना, सचिव रामविलास खटाना, कैप्टेन शीशराम सेना मैडल, समसा निदेशक नादान सिंह, पूर्व सरपंच हंसराज खटाना, पूर्व सरपंच सुग्रीव सिंह, सियाराम वकील, शेरसिंह नेता, मुरारी नेता, दयाराम ठेकेदार, रूपसिंह, भूपेन्द्र खटाना अधैत, भूरया धमाड़ी सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर चौक में लगी दुकानों से महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने खरीददारी की।

सवाई माधोपुर स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम हुए

सवाई माधोपुर, (निसं)। जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग द्वारा सवाई माधोपुर का 263वां स्थापना दिवस 17 से 19 जनवरी तक उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में दूसरे दिन जिले में प्रकृति संरक्षण, कला, खेलकूद और लोक-संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन की सक्रिय सहभागिता रही।

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रात: 8 बजे चौथ का बरवाड़ा स्थित लवकुश वाटिका में नेचर वॉक का आयोजन किया गया। सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। यह वॉक वाटिका के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर तलाई, सघन ढाक वन क्षेत्र से होते हुए वॉच टावर तक पहुँची। वॉच टावर पर प्रतिभागियों ने विश्राम किया, तत्पश्चात पुन: तलाई मार्ग से होते हुए प्रवेश द्वार पर नेचर वॉक का समापन हुआ। इस आयोजन में चौथ का बरवाड़ा प्रधान, उपखण्ड अधिकारी जोगेंद्र सिंह, सहायक वन संरक्षक मनीषा शर्मा, तहसीलदार नीरज सिंह, रेंजर कैलाश शर्मा, विकास अधिकारी इंद्राज मीणा सहित चौथ का बरवाड़ा उपखण्ड का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रतिभागियों ने प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता और वन्य जीवन के महत्व पर चर्चा की।

स्थापना दिवस के अवसर पर पंच गौरव खेल के अंतर्गत जिला खेल अधिकारी की ओर से पुलिस लाइन मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया। मुकाबले में खेलो इंडिया टीम विजेता तथा पंच गौरव टीम उपविजेता रही। इस आयोजन में मुख्य अतिथि नगर परिषद आयुक्त सहित पी.जी. कॉलेज सवाई माधोपुर के प्राचार्य, शारीरिक शिक्षा डॉ. रामलाल बैरवा, उप निरीक्षक तेज सिंह जाट, जिला खेल अधिकारी के.एम. नारायण एवं अन्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान खिलाड़ियों को खेल किट, मोमेंटो एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

स्थापना दिवस के अवसर पर दशहरा मैदान में आयोजित अमरूद एक्सपो के दौरान लोक परंपराओं से जुड़े पद दंगल कार्यक्रमों ने विशेष आकर्षण बटोरा। जल सिंह एवं ठाम खेड़ी की पद दंगल पार्टी, बड़ागांव कहार, जडावता तथा डैकवा की कन्हैया पद दंगल पार्टियों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दी। पद दंगल के दौरान कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने लोकगीतों की धुन पर सहभागिता निभाई, जिससे कार्यक्रम में विशेष ऊर्जा का संचार हुआ। इसी क्रम में शाम को दशहरा मैदान में रणथम्भौर की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय लोक संगीत और नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

स्थापना दिवस समारोह के मुख्य आयोजन स्थल दशहरा मैदान में चित्रकारों के शिविर में दूसरे दिन रविवार को भी बाघों और वन्यजीव संरक्षण आदि विषयों पर चित्र बनाए गए। कला के जरिए वन्यजीव संरक्षण थीम पर आयोजित शिविर में स्थानीय तथा देश के दूसरे हिस्सों से आए चित्रकार और स्कूलों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

सार-समाचार

विशिष्टजनों को कंबल बांटे

गंगापुर सिटी, (निसं)। ब्राह्मण समाज ने मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में विप्र मकर संक्रांति सम्मानोत्सव एवं पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया। रविवार को भगवती पैलेस में आयोजित इस कार्यक्रम में 102 से अधिक विशिष्टजनों को कंबल वितरित किए गए और हजारों लोगों ने पौषबड़ा प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुरामजी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेदप्रकाश, संगठन मंत्री शांतनु पाराशर, राष्ट्रीय सेवा संघ उपाध्यक्ष पवन शर्मा, राष्ट्रीय सेना अध्यक्ष नवीन शर्मा, पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, विप्र फाउंडेशन अध्यक्ष हेमंत शर्मा, ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल शर्मा पार्थ, प्रदेश प्रभारी बालकृष्ण शर्मा और परशुराम सेवा संघ अध्यक्ष डॉ. अनुज शर्मा सहित कई विशिष्टजन मौजूद रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज के लोगों को संगठित करते हैं। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे आयोजनों से समाज के सदस्यों को एक मंच पर आने का अवसर मिलता है, जिससे समाज में एकजुटता बढ़ती है। सभी वक्ताओं ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहने पर बल दिया। इस सम्मानोत्सव के दौरान, सर्दी से बचाव और सम्मान स्वरूप 102 से अधिक विशिष्टजनों को कंबल वितरित किए गए। यह वितरण समाज के प्रति सम्मान और सेवा भाव को दर्शाता है। कंबल वितरण के बाद पौषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान को भोग लगाया गया, जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों को प्रसादी वितरित की गई। हजारों लोगों ने पंगत में बैठकर गर्मागर्म पौषबड़ा और पुए का आनंद लिया। कार्यक्रम में पूर्व सभापति संगीता बोहरा, कमलेश जोशी, अजय पाराशर, मुकेश व्यास, रीना शर्मा, मोना शर्मा, मोहिनी शर्मा, गोरीशंकर शर्मा, डीके शर्मा, गोविंद दीक्षित, घनश्याम शर्मा, धनेश शर्मा सहित समाज के सैकड़ों अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

संशोधित नवीन कार्यकारिणी का गठन

भरतपुर, (निसं)। राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ जयपुर एवं राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद जयपुर तथा भारत सरकार के नवीन स्पोर्टस एक्ट खेल अधिनियम 2025 की अनुपालना में जिला ओलंपिक संघ भरतपुर के संविधान में नवीन संविधान संशोधन करने हेतु जिला ओलंपिक संघ की वार्षिक साधारण सभा की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें भरतपुर जिला ओलंपिक संघ की संशोधित नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से उपस्थित खेल संघों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की मौजूदगी में किया गया। वार्षिक साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न पदों एवं कमीशन एसोसियेट खिलाड़ियों का मनोनयन नये विधान अधिनियम के अनुसार किया गया।बैठक में भरतपुर जिले के खेलों के संपूर्ण विकास के लिये विस्तृत चर्चा कर निर्णय लिये गये, भरतपुर जिले के अर्जुन अवार्डी रूद्राक्ष खण्डेलवाल, उत्कृष्ट खिलाड़ी एवं राशि से सम्मानित क्रिकेट खिलाड़ी कार्तिक शर्मा तथा विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समारोह करने का फैसला किया गया, हर वर्ष ओलंपिक डे पर उभरती हुई प्रतिभाओं का सम्मान, सत्र 2026 में यूथ ओलंपिक खेल मेले का आयोजन करने का निर्णय लिया गया, साथ ही सभी खेल संघों से जिला ओलंपिक संघ को अपनी सम्बद्धता शुल्क जमा कराने के लिये भी निर्देशित किया गया। बैठक में भरतपुर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एवं डीग-कुम्हेर के विधायक डा. शैलेष सिंह के नेतृत्व में भरतपुर जिले के खेलों के विकास की विस्तृत योजना बनाकर भरतपुर के लाडले सी.ए